### उपायुक्त प्रीति ने मतदाताओं से किया गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने का आह्वान

# गणना प्रपत्र नहीं सौंपा तो प्रारूप मतदाता सूची में नहीं शामिल होगा नाम

**21 जुलाई को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां की जा सकेंगी प्रस्तुत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। इसी उद्देश्य को लेकर जिला समेत पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा


उपायुक्त प्रीति।

रहा है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त प्रीति ने

**जिले में 5 लाख 11 हजार 112 गणना प्रपत्रों का किया जा चुका है डिजिटलीकरण**

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिले में अब तक कुल 979 मतदान केंद्रों के 9 लाख 18 हजार 682 मतदाताओं में से 5 लाख 11 हजार 112 गणना प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। जो 55.64 प्रतिशत प्रगति दर्शाता है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपने बीएलओ को हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र समय पर उपलब्ध करवाए जाने की अपील की।

बताया कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रत्येक वर्तमान मतदाता के घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। मतदाताओं से अनुरोध है कि वे गणना प्रपत्र भरकर आवश्यक हस्ताक्षर सहित समय पर अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। ताकि उनका नाम आगामी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि वर्ष 2025-2026 का मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण देश का 11वां पुनरीक्षण है। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं होंगे। उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में बीएलओ द्वारा डुप्लीकेट, एक से अधिक प्रविष्टि, मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित,पता न चलने वाला अथवा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार जैसे कारण दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई तक प्राप्त हस्ताक्षरित गणना प्रपत्रों के आधार पर मतदाता सूची का प्रारूप तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी तथा 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। जिन नागरिकों की आयु 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है। वह फार्म 6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का सुधार या आपत्ति भी निर्धारित अवधि के दौरान दर्ज कराई जा सकती है।

### किराएदारों और घरेलू नौकरों का करवाएं पुलिस वेरिफिकेशन : एसपी

# पुलिस वेरिफिकेशन कराने में लापरवाही बरतने वाले मकान मालिकों पर होगी कानूनी कार्रवाई

**पुलिस प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर जिलेवासियों को किया आगाह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आप अपना मकान या दुकान किराए पर दे रहे हैं अथवा कोई नया घरेलू नौकर रख रहे हैं तो सावधान हो जाइये। अब किराएदारों और घरेलू नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य हो गया है। अगर आप ऐसा करने में लापरवाही बरतते हैं तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस बात की जानकारी पुलिस प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है।

जिले के पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कई बार


यमुनानगर। अपने कार्यालय में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल। फोटो : हरिभूमि

अपराधी प्रवृति का व्यक्ति मकान किराए पर लेता है और अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाता है। इस तरह की घटना पर अंकुश लगाने के लिए किराएदारों व घरेलू नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा करना मकान और दुकान

**पुलिस प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिला पुलिस प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी में आमजन से कहा गया है कि घर में रह रहे किराएदारों, फैक्टरी, होटलों, ढाबों आदि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं । क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के व्यक्ति बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधिक वारदात को अंजाम देकर मौका से फरार हो जाते हैं। अपराध करने वाले व्यक्ति का रिकॉर्ड न तो मकान, दुकान, फैक्ट्री, होटल तथा ढाबा मालिकों के पास होता है और न ही पुलिस के पास होता है। इसलिए अगर पुलिस के रिकॉर्ड में ऐसे लोगों की जानकारी पहले से ही मौजूद रहेगी तो अपराध करने वाले व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने में आसानी हो जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि अपराधिक किस्म का व्यक्ति बिना वेरिफिकेशन के किराएदार या घरेलू नौकर किसी भी अपराधिक वारदात में शामिल होना पाया जाता है तो मालिकों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मालिकों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर होगा। अन्यथा किसी आपराधिक वारदात होने की स्थिति में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि आपका किराएदार या घरेलू नौकर अपराधिक प्रवृत्ति का भी हो सकता है। इसके अलावा वह किसी अपराधिक वारदात का वांछित आरोपी भी हो सकता है। इसलिए मकान व दुकान मालिक पूरी सतर्कता बरतें तथा उनका पुलिस वेरीफिकेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि अपराधिक किस्म के लोगों पर और अधिक कारगर ढंग से अंकुश लगाने के लिए किरायेदारों व घरेलू नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने मकान और दुकान मालिकों से आह्वान किया कि वे इस मामले में किसी तरह की लापरवाही न बरतें। यह समाज के साथ-साथ उनके लिए भी बेहतर होगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आए दिन सुना जाता है कि किराए पर रहने वाला कोई व्यक्ति अपराध करके फरार हो गया। इसके बाद उसकी तलाश में काफी कठिनाइयां आती हैं। पुलिस वेरिफिकेशन होने की स्थिति में ऐसे अपराधी को गिरफ्तार करना आसान हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि कई बार कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपराध को अंजाम देने के लिए मकान किराए पर ले लेते हैं। इसके बाद वह किराएदार बनकर चोरी, लूट, डकैती व बलात्कार जैसी अपराधिक घटनाओं का षड्यंत्र रच वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब मकान या दुकान मालिकों को किराएदार या नौकर रखने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन करवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन में लापरहवाही बरतने पर मकान, संस्थान तथा दुकान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कई बार मकान मालिकों तथा दुकानदारों द्वारा नौकरों और किरायेदारों की वेरिफिकेशन न करवाए जाने के कारण अक्सर बड़ी आपराधिक घटनाएं हो जाती हैं। जिस कारण से पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


यमुनानगर। भाजपा जगाधरी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक में मार्ग दर्शन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य नेतागण। फोटो : हरिभूमि

## केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों से जन-जन को करवाएं अवगत: कंवरपाल

**यमुनानगर।** भाजपा द्वारा जगाधरी मंडल के कार्यकर्ताओं की पार्टी के जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं के दम पर है। उन्होंने कहा कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाना और हर वर्ग की समस्याओं का समाधान करना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से जुट जाएं।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि मंडल स्तर की बैठकें संगठन की रीढ़ होती हैं। उन्होंने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और अभियानों की रूपरेखा कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पार्टी की विचारधारा को घर घर तक ले जाने का काम करें। बैठक में प्रत्येक बूथ पर समितियों को और अधिक सक्रिय करने पर बल दिया गया। आने वाले दिनों में जगाधरी मंडल में चलाए जाने वाले विशेष जनसंपर्क अभियानों की रणनीति बनाई गई। पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई गई और उनके सुझावों पर विचार किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निशचल चौधरी,जगाधरी मंडल के अध्यक्ष प्रियंक शर्मा,मंडल महामंत्री पूनम अग्रवाल,मंडल महामंत्री संदीप राय, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विधार्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मेंहदीरत्ता, मार्केट कमेटी चेयरमैन विपुल गर्ग व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# चिकन के कारोबार में 34 लाख की ठगी का आरोप

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

चिकन सप्लाई के कारोबार में भरोसे का फायदा उठाकर सरस्वती नगर निवासी रणजीत मल्होत्रा के साथ एक व्यक्ति ने 34 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद हिमाचल प्रदेश के किन्नौर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरस्वती नगर निवासी रणजीत मल्होत्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सतपाल मल्होत्रा की फूड सप्लाई फर्म है। कारोबार का संचालन वह स्वयं करते हैं। उनकी फर्म हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश में भी चिकन की सप्लाई करती है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के गांव बांगिंग निवासी जॉनी वाकर से कारोबारी संबंध बने। शुरुआत में आरोपी नियमित भुगतान करता रहा। बाद में वह माल उठाता रहा और भुगतान टालता रहा। वर्ष 2023 में हिसाब किताब करने पर आरोपी पर करीब 19 लाख रुपये बकाया निकला। इसके बावजूद उसने जून 2024 में करीब 15 लाख रुपये का और माल खरीद लिया तथा चेक दिया। जब शिकायतकर्ता ने चेक बैंक में लगाया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वह बाउंस हो गया। इसके बाद भी आरोपी लगातार भुगतान का झूठा आश्वासन देता रहा। इस तरह कुल बकाया राशि बढ़कर करीब 34 लाख रुपये हो गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने बार बार अपने पैसे मांगे तो आरोपी का व्यवहार बदल गया। उसने अपशब्द बोलते हुए उन्हें पैसे देने से मना कर दिया और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। परेशान होकर उन्होंने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

## बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों की गिरफ्तार के लिए ज्वेलर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**रादौर।** दी यमुनानगर बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने रविवार को थाना प्रभारी रादौर राजेश राणा को ज्ञापन देकर देर शाम कस्बा के ज्वेलर्स पर हमला करके लूटपाट करने वाले नकाबपोश बदमाशो को गिरफ्तार करने की मांग की। इंस्पेक्टर राजेश राणा ने एसोसिएशन के सदस्यों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।



एसोसिएसशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला प्रधान सुनील कुमार वैद व ब्लाक प्रधान पवन वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल थाना रादौर पहुंचा। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने रादौर थाना प्रभारी राजेश राणा को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीति देर शाम रादौर में शाकुंभरी ज्वेलर्स के मालिक अमित गुप्ता को अज्ञात नकाबपोश बाइक सवार तीन बदमाशों ने हमला करके घायल कर दिया और उनसे लाखों की लूटपाट करके फरार हो गए। उन्होंने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किए जाने और कस्बा में दोपहर और राते के समय पुलिस की गश्त बढाए जाने की मांग की। इस अवसर पर आशु वर्मा, साहिल आर्य, अमित गुप्ता, अमित वर्मा, प्रियकांत जोगी, नीरज कपूर व अन्य मौजूद रहे।

### जिले में हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए बनाए गए थे 25 केंद्र

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ एचटेट लेवल एक और दो

**दो पालियों में कराई गई परीक्षा, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद, परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए थे जैमर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा(एचटेट लेवल-2 और लेवल-1) रविवार को सुबह और शाम के सत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। दूसरे दिन भी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा रही।

परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगे होने से आसपास के क्षेत्रों में मोबाइलों की नेटवर्किंग भी प्रभावित रही। खास बात यह रही कि दूसरे दिन भी पुलिस की डायल 112 ने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने में परीक्षार्थियों की मदद की।


यमुनानगर। एचटेट देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

रविवार को एचटेट लेवल-2 की परीक्षा सुबह के सत्र में 10 बजे से लेकर साढ़े 12 बजे तक आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए ट्विन सिटी में 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें हजारों बच्चों ने एचटेट लेवल-2 की परीक्षा दी। वहीं, एचटेट लेवल वन की परीक्षा शाम के सत्र में 3 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक संपन्न हुई। जिला उपायुक्त प्रीति ने बताया कि एचटेट लेवल-2 और एचटेट लेवल -1 की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। रविवार को भी दोनों लेवल की परीक्षाओं के सफल आयोजन को लेकर पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी की प्रशंसा की।

## भाजपा ने परीक्षार्थियों व अभिभावकों के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर की जलपान की व्यवस्था

यमुनानगर। भाजपा द्वारा रविवार को एचटेट के दौरान परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर जलपान व विश्राम की व्यवस्था की गई। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली। राजेश सपरा ने कहा कि हजारों परीक्षार्थी एचटेट लेवल टू और एचटेट लेवल वन की परीक्षा देने पहुंचे थे। उनके साथ उनके अभिभावक भी थे। परीक्षार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को कोई परेशानी ना हो के लिए भाजपा द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर



जलपान की व्यवस्था की गई। निशचल चौधरी ने कहा कि हमारे जिले में दूर दराज के क्षेत्रों से परीक्षा देने आए युवा और उनके अभिभावक हमारे अतिथि हैं। गर्मी के मौसम में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से मोर्चा संभाला है।

## न्यूज डायरी



### नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रादौर में लगाई छबील

**रादौर।** मौसम में गर्मी की तपिश व उमस से राहगिरों को राहत दिलाने के लिए नन्हें मुन्ने बच्चों ने रविवार को रादौर की प्रेम गैस एजेंसी के पास मीठे ठंडे जल की छबील लगाई। स्थानीय लोगों ने छबील का आयोजन करन के लिए नन्हें मुन्ने बच्चों की सराहना की। कस्बा के नन्हें मुन्ने बच्चे कुश, खुशी, सांची, मिस्टी, टिया, देवा, आरव व कार्तिक आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी पॉकेट मनी से गर्मी को देखते हुए सभी को मीठा पानी पिलाने के लिए छबील लगाई है। उन्होंने भी अपनी पॉकेट मनी व घरवालो की सहायता से मीठा पानी पिलाकर राहगीरों की प्यास बुझाई है। वार्ड नंबर 2 के पार्षद राजीव आर्य ने कहा कि वह गैस एजेंसी के पास से गुजर रहे थे तो उसने बच्चों को छबील लगाकर मीठा पानी पिलाते देखा। वह बच्चों के इस कार्य की प्रशंसा करते है।



### डंपर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, परिवार सुरक्षित

**रादौर।** रादौर के के एसके रोड स्थित शहीद उधम सिंह चौक के पास एक डंपर की टक्कर लगने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही की कार में सवार परिवार बाल बाल बच गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रादौर राजेश राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले में जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक तरूण कुमार नामक कार सवार अपने परिवार के साथ दिल्ली से यमुनानगर जा रहा था। जब वह रादौर के बुबका चौक ट्रैफिक लाइटो पर रूके तो पीछे से आ रहे डंपर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे डंपर का अगला हिस्सा उनकी कार के ड्राइवर वाले हिस्से को तोड़ता हुआ आगे निकल गया। गनीमत यह रही कि कार में सवार तरुण व उसका परिवार बाल बाल बच गया। थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा ने बताया कि मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से ोई शिकायत नहीं दी गई है।



### समस्याओं का समय पर समाधान प्राथमिकता

**रादौर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जनता का समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने रविवार को रादौर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा कर दिया। जबकि शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर उन्हें समस्याओं का समय पर निराकरण करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने समय पर समस्याओं का समाधान करने में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जनता की सेवा ही सरकार का मुख्य ध्येय है। हमारी वर्तमान भाजपा हरियाणा सरकार जनता की अपनी सरकार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हम पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। रादौर विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक की समस्या मेरी अपनी समस्या है और इसके समाधान के लिए अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ काम करें। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और रादौर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का जोरदार स्वागत किया।



### स्वस्थ जीवन का आधार है भक्तिः भारती

रादौर। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को मानव जीवन में भक्ति के महत्व को बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने अपने भजनों के माध्यम साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि भक्ति एक स्वस्थ जीवन का आधार है। जो हमें मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक बल प्रदान करने में सहायक होती है। भगवान के निराकार स्वरूप की भक्ति बड़ी सरल है। मगर जब परमात्मा के साकार स्वरूप की भक्ति की बात आती है तो सर्वप्रथम अपना अहंकार छोड़ना पड़ता है । उन्होंने बताया कि साकार स्वरूप की भक्ति में मनमाने आचरण के लिए कोई स्थान नहीं रहता है। क्योंकि निरंतर गुरु आज्ञा में चलते हुए अपने मन के विकारों एवं बुद्धि के दुर्विचारों को छोड़ना पड़ता है। स्वयं को मानव से महामानव बनाने की प्रक्रिया में गुरु के कुशल हाथों में गढ़े जाने के लिए तत्पर रहना होता है। गुरु भक्ति ही भक्ति का वह दिव्यतम् स्वरूप है। जिसमें एक मानव देवतुल्य बन जाता है। क्योंकि जब जीवन में गुरु भक्ति आती है तो वह शिष्य को कभी शिष्य नहीं रहने देती है। गुरु दिव्य गुणों को शिष्य के भीतर उतार कर उसे भी दिव्य बना देता है। वह स्वकल्याण के साथ अपने संपर्क में आने वाले जन समूह को भी कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करता है।

### 9 जुलाई को होगी रादौर नपा के पार्षदों की बैठक

**रादौर।** नगरपालिका रादौर प्रशासन द्वारा नौ जुलाई को नपा पार्षदों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु करेंगे। उक्त जानकारी नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने दी। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि नौ जुलाई की पार्षदों की बैठक में कस्बा के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में पिछली बैठको में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी और नए विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। डंपिंग साइट के बारे में विचार किया जाएगा। इसके अलावा डेहा बस्ती भूमि के बारे में और श्याम प्रसाद मार्ग को लेकर पार्षदों से विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में स्ट्रीट लाइट के रखरखाव ,कस्बा के मेन स्थानों पर दीवारों पर पेंटिंग करवाए जाने, नगरपालिका कार्यालय की स्टेशनरी की खरीदने व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति स्थापना पर विचार विमर्श व अन्य मुद्दो को लेकर चर्चा की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### स्व. कृष्ण कुमार की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**थानेसर।** कीर्तिनगर स्थित स्वयंसेवी संगठन श्रीप्रेम भिक्षुक शिक्षा समिति में संस्था के पूर्व सचिव, समाजसेवी एवं साहित्यकार स्वर्गीय कृष्ण कुमार गौड़ की 21वीं पुण्यतिथि पर रविवार को उनके मित्रों,अनुयायियों और प्रशसंकों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस उपलक्ष्य में संस्थान में हवन आयोजित किया गया, जिसमें पंडित कमल शास्त्री ने गायत्री और श्रीमद्भगवद गीता के श्लोक पढ़कर हवन में आहुतियां डलवाई।

### पुनरीक्षण अभियान के तहत भरवाए प्रपत्र

**पिहोवा।** बाखली मंडल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह इशाक ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ मिलकर मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्र भरवाने के कार्य में सक्रिय सहयोग किया। इस दौरान उन्होंने पात्र मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें अपने नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने के लिए जागरूक भी किया।सुखबीर सिंह इशाक ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

### पहले रविवार पर बूथ 145 ने मनाया सेवा दिवस

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर विधानसभा के बूथ संख्या-145 द्वारा रविवार को मासिक सेवा दिवस के तहत सेक्टर-8 स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने किया। इस दौरान बूथ कार्यकतार्ओं ने परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर रमेश सैनी ने कहा कि स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देती है और बूथ-145 के कार्यकर्ता इस भावना को नियमित सेवा कार्यों के माध्यम से साकार कर रहे हैं।

### अग्रवाल समाज ने प्रदेश में बढाई सक्रियता : बुवानीवाला

**थानेसर।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने पूरे राज्य में संगठन की मजबूती के लिए सभी जिलों में सक्रियता बढ़ा दी है। कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी प्रदेशभर में निरंतर जन सम्पर्क अभियान के तहत समाज के लोगों से मिल रहे हैं तथा संगठन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवा रहे हैं। इसी क्रम में कुरुक्षेत्र में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला प्रदेश संगठन सचिव रमेश गर्ग के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर पदाधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत बनाने बनाने पर चर्चा की।

## एचपीएससी की सहायक जिला न्यायवादी भर्ती परीक्षा संपन्न

# 38 केंद्रों पर 5,475 ने दी परीक्षा, 5,145 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक जिला न्यायवादी भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 38 परीक्षा केंद्रों पर 5475 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 5145 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 10620 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। प्रशासन की ओर से सभी केंद्रों पर सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकी। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे निर्धारित किया गया था। आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार अभ्यर्थियों को सुबह 8:30 बजे से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। वहीं, सुबह 9:50 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। समय सीमा का सभी केंद्रों पर सख्ती से पालन कराया गया। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और प्रशासन की टीमें पूरी तरह एक्टिव रहीं। परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की गई।। एडमिट कार्ड और आईडी का मिलान किया गया। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, ईयरफोन समेत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ एंट्री नहीं दी गई। परीक्षा शुरू होने से काफी पहले ही अभ्यर्थी अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने लगे थे।

### सुरक्षा के साथ उचित व्यवस्थाएं की

प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की पहचान और दस्तावेजों की गहन जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल तैनात रहा और परीक्षा प्रक्रिया पर प्रशासनिक अधिकारियों की भी लगातार निगरानी बनी रही। भीषण गर्मी को देखते हुए कई परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छाया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ भी देखने को मिली, जबकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा आयोग के निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। किसी भी केंद्र से किसी प्रकार की अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# केयू में 9 जुलाई को होगा भारत का पहला एआई पावर्ड जॉब फेयर

## 28 हजार विद्यार्थियों व पूर्व छात्रों को भेजे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, गूगल जेमिनी और प्लेसकॉम के सहयोग से 9 जुलाई 2026 को श्रीमद्भगवद्गीता सदन में ह्लभारत का पहला एआई पावर्ड जॉब फेयरह्व आयोजित करने जा रहा है। जॉब फेयर को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं और अधिक से अधिक युवाओं तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जॉब फेयर के संयोजक, डीन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी तथा यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से लगभग 28 हजार विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों को मैसेज भेजकर इस रोजगार मेले की जानकारी दी गई है।

### सभी स्ट्रीम के विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

प्रो. सुनील ढींगर ने कहा कि हाल ही में विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के कारण कई विद्यार्थी पंजीकरण से वंचित रह गए थे, इसलिए उन्हें भी अवसर देने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। प्रो. ढींगरा ने बताया कि यह जॉब फेयर केवल



इंजीनियरिंग विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है। स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रोफेशनल और शोध पाठ्यक्रमों के सभी स्ट्रीम के विद्यार्थी इसमें आवेदन कर सकते हैं। जॉब फेयर में एआई आधारित प्रोफाइल मैचिंग, स्मार्ट इंटरव्यू प्रक्रिया और डिजिटल स्क्रीनिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनकी क्षमता के अनुरूप अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कर रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों की भागीदारी से विद्यार्थियों को प्लेसमेंट और इंटर्नशिप के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। एआई आधारित प्रणाली कंपनियों और अभ्यर्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी, जिससे भर्ती प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

## कुवि के पूर्व छात्र योगेश सैनी भारत सरकार में अंडर सेक्रेटरी बने



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (यूएसएम) के वर्ष 2008-10 बैच के पूर्व छात्र योगेश सैनी के भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में अंडर सेक्रेटरी (ग्रुप-ए) के पद पर पदोन्नत होने पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केयू पूर्व छात्र योगेश सैनी को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियां संस्थान के लिए गौरव का विषय हैं। उन्होंने कहा कि योगेश सैनी की यह सफलता विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्टता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। कुका एलुमनी एसोसिएशन के निदेशक प्रो. अनिल मित्तल ने भी योगेश सैनी को बधाई देते हुए कहा कि यूएसएम अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता, प्रशासनिक दृष्टि और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त की भाभी कस्तूरी देवी के निधन पर जताया शोक



**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने मार्केट कमेटी चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त की भाभी कस्तूरी देवी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। दिवंगत कस्तूरी देवी के परिजनों से बात कर ढांढस बंधाया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने गांव मंगोली जाटान निवासी जसविन्द्र के पुत्र सरवन के निधन पर, गांव बड़तोला में संदीप राणा की माता बिमला देवी की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। इसी तरह गांव चकचानपुर में हरपाल सिंह के पिता सरवन कुमार के निधन पर और गांव बकाली में जय प्रकाश के चाचा जय सिंह के निधन पर शोक जताया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा शहर के पूर्व पार्षद सुनील की चाची के निधन पर, गौरव गाबा की दादी के निधन पर और मनोनीत पार्षद सन्नी कालड़ा के ताऊ बलदेव सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद गांव टाटका में मनीराम के निधन और लज्जाराम के पुत्र मायाराम के निधन पर शोक जताया।

# सिख इतिहास में बाबा लखी शाह बंजारा का योगदान अमर: सुमन सैनी

## गुरुद्वारा सिंह सभा लोहारा को सीएम की तरफ से 11 लाख रुपये देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि सिख इतिहास में बाबा लखी शाह बंजारा का योगदान अमर है। जब अत्याचारी औरंगजेब के आदेश पर दिल्ली के चांदनी चौक में हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी का शीश कलम कर दिया गया, तब भय और आतंक का वातावरण था। ऐसे समय में बाबा लखी शाह बंजारा जी ने अद्भुत साहस दिखाया। वे गुरु साहिब के पावन धड़ को अत्यंत श्रद्धा और चतुराई से अपनी बस्ती तक ले आए और मुगल शासन के आतंक के बीच अपने ही घर को अग्नि समर्पित कर गुरु तेग बहादुर जी का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार किया। यह घटना केवल इतिहास का प्रसंग नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व समर्पण की अमर मिसाल है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में बाबा लखी शाह बंजारा के 448 वें जन्म उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेककर अरदास की। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से 11 लाख रुपए गुरुद्वारा सिंह सभा लोहारा को देने की घोषणा की। उपाध्यक्षा सुमन सैनी को गुरुद्वारा सिंह सभा लोहारा ने सरोपा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने बाबा लखी शाह बंजारा जी कोटि-कोटि नमन करते हुए सभी साध-संगत व समाज के सभी नागरिकों को जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बिगड़ते पर्यावरण पर साहित्यकारों ने व्यक्त की चिंता, संरक्षण का लिया संकल्प



**थानेसर।** प्रेरणा वृद्धाश्रम घरों से निकाले गए एवं अपनों द्वारा ठुकराए गए बुजुर्गों को आश्रय देने के साथ साथ साहित्यिक गतिविधियों का केंद्र भी बन रहा है। प्रेरणा वृद्धाश्रम में साहित्यिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान द्वारा मासिक कवि गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें बिगड़ते पर्यावरण पर साहित्यकारों ने व्यक्त चिंता की। साथ ही साहित्यकारों ने पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक कवि -कवयित्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण पर अपनी-अपनी कविताओं एवं रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर प्रेरणा साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डा. जय भगवान सिंगला ने अपना काव्य पाठ करते हुए बिगड़ते पर्यावरण पर अपनी चिंता व्यक्त की एवं उपस्थित सभी कवियों को आवाहन किया कि वे इस विषय पर अपनी लेखनी चलाएं और जनमानस को बिगड़ते पर्यावरण के प्रति जागरूक करें ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी स्वच्छ वातावरण में श्वास लें सके। इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर बाबूराम हिंदी विभाग अध्यक्ष बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक ने ने की, जबकि डा. सीडीएस कौशल और डा. सुभाष गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में अरुण पाराशर ने शिरकत की।

# ईश्वर से मिलन कराने का एकमात्र मार्ग गुरु की शरण : स्वामी शक्तिदेव

## जय ओंकार आश्रम में साप्ताहिक सत्संग में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अमीन रोड स्थित जय ओंकार आश्रम में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस इस दौरान श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी श्री शक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले व श्रीश्री 1008 सदगुरुदेव स्वामी संदीप ओंकार महाराज द्वारा भगवान श्रीब्रह्मासिद्ध पीठ् पर स्थापित भगवान श्री ब्रह्मा जी, वेदमाता गायत्री व जगतमाता ब्रह्मणी जी का विधिवत मंत्रौचारण के साथ पूजन कर व कन्या पूजन कर भंडारे का श्री गणेश किया गया। इस अवसर पर महाराजश्री जी के द्वारा विद्वान ब्राह्मणों का भी पूजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और परिवार में सुख शांति की मन्नतें मांगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने की। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज ने प्रवचनों की अमृतवर्षा की। श्रद्धालुओं को प्रेरणा दी कि प्रत्येक जीव को गुरु की शरण में आना चाहिए। ईश्वर से मिलन कराने वाले व जीव को जीवन रूपी सागर से पार निकलवाने वाले केवल सतगुरु ही होते हैं, इसलिए गुरु शरण प्रत्येक जीव के लिए जरूरी है।

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में करें भागीदारी : कौर

## पंचायत भवन के प्रांगण में लगाए 65 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम एक पेड़ मां के नाम में सभी लोग भागीदार बने और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में नमो वन व औषधि वन विकसित किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ पौधारोपण अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जा रहे हैं। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर रविवार को जिला परिषद के प्रांगण में पौधारोपण करने उपरांत बोल रही थी। इससे पहले जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, लेखा अधिकारी सत्यभूषण व एनजीओ से रोशन लाल ने पंचायत भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि एनजीओ की तरफ से अलग अलग किस्मों के 65 पौधे इस पंचायत भवन के प्रांगण में लगाए गए है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं के आसपास हरियाली बढ़ाने के साथ साथ स्वच्छ और अधिक आरामदायक माहौल तैयार होता है, जिसका सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### खुशी के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं

उन्होंने नागरिकों से जिम्मेदारी का आह्वान किया कि वे वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और अपने जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ इत्यादि के खुशी के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके वृक्ष बनने तक उसकी पूर्ण देखभाल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधे जब विशाल वृक्ष का रूप लेते हैं, तभी वे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, शीतल छाँव और जैव-विविधता का आधार प्रदान कर पाते हैं। हर दिन हमें पर्यावरण के प्रति सजग रहकर सक्रिय प्रयास करने चाहिए, ताकि एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

## ब्रह्माकुमारीज के विहासा प्रशिक्षण में जीवन मूल्यों और सकारात्मक सोच पर दिया जोर



**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति धाम सेवा केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय विहासा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन, सकारात्मक सोच और जीवन मूल्यों के माध्यम से तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजयोगिनी बीके सरोज बहन, ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग के संयुक्त सचिव एवं विहासा कार्यक्रम के फैसिलिटेटर डॉ. सचिन परब, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. करतार सिंह धीमान, सिविल अस्पताल के सीएमओ डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. आर.डी. शर्मा, बीके सुप्रिया, डॉ. बीके राधिका तथा बीके मधु सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। बीके सरोज बहन ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन और सकारात्मक सोच व्यक्ति को आंतरिक रूप से सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनाती है। डॉ. सचिन परब ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव प्रबंधन प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए आवश्यक है। विहासा प्रशिक्षण व्यक्ति को अपने मूल्यों से जोड़कर सेवा कार्य को अधिक संवेदनशील, प्रभावी और संतोषदायक बनाता है। कुलपति डॉ. करतार सिंह धीमान ने कहा कि बढ़ती भौतिक इच्छाएं और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की तैयारी का अभाव तनाव का प्रमुख कारण है।

## डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का 2111वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

# मेडिटेशन, व्यायाम और संतुलित आहार से मस्तिष्क को रखें स्वस्थ : डॉ. हिमांशु जैन

अत्यधिक तनाव, एंग्जायटी और डिप्रेशन जीवन को कर सकते हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र द्वारा वात्सल्य वाटिका में निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। ब्रेन एवं स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारा मस्तिष्क निरंतर सक्रिय रहता है, इसलिए उस पर अनावश्यक मानसिक दबाव नहीं डालना चाहिए। अत्यधिक तनाव,



**कुरुक्षेत्र।** लोगों के स्वास्थ्य का चेकअप करते चिकित्सक।

एंग्जायटी और डिप्रेशन जीवन को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन मेडिटेशन करने से मस्तिष्क स्वस्थ रहता है, स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ती है तथा मानसिक कार्यक्षमता में सुधार होता है। उन्होंने नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि पैदल चलना, तैराकी, टेनिस तथा अन्य हल्के एरोबिक व्यायाम मस्तिष्क को अधिक ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं और नई कोशिकाओं के विकास में सहायक होते हैं।

### चिकित्सकों को किया सम्मानित

*डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनका नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से जनसेवा का अभियान निरंतर जारी है। उनका उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में आयोजित यह 2111वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर था। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, पल्स रेट की जांच तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वामी हरिओम परिव्राजक ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ. संजय शर्मा तथा एक्सपर्टाइज मेडिकल कैंप्स की टीम को जनसेवा एवं उत्कृष्ट चिकित्सा योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संत राजेंद्र दास, प्रेम नारायण अवस्थी, डॉ. अशोक चड्डा, संतालाल, श्रवण शास्त्री, मोनिका (कोऑर्डिनेटर), अंजू, अमृत, प्रवीण, राहुल शर्मा, कुलदीप, एकता, प्रिंस तथा अंजू लैब सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।*

### निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा ही सच्ची मानव सेवा

*स्वामी हरिओम परिव्राजक ने कहा कि निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निरंतर आयोजित किए जा रहे निःशुल्क चिकित्सा शिविर समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने डॉ. हिमांशु जैन और डॉ. संजय शर्मा की सेवा भावना एवं जनकल्याण के प्रति उनके योगदान की सराहना की।*

